दिनांक-16.12.2019

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के संबंध में निगम प्रशासन एवं बीएसपी प्रबंधन की संयुक्त बैठक ली कलेक्टर अंकित आनंद ने

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई को नंबर वन बनाने के लिए सभी प्रयासरत हैं , सड़क गली, मोहल्लों में सफाई और डोर टू डोर कचरा संग्रहण और भी बखूबी तरीके से होने लगा है!निगम के सफाई कर्मचारी नालियों, शौचालयों, खुले व सार्वजनिक स्थलों की सफाई सघन तौर कर रहे है। स्वच्छ सर्वेक्षण के मापदंडों के अनुरूप चल रहे सफाई कार्यो का जायजा लेने जिले के कलेक्टर अंकित आनंद आज निगम भिलाई के सभागार पहुंचे जहां पर उन्होंने भिलाई निगम व बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली! कलेक्टर महोदय ने संपूर्ण भिलाई क्षेत्र में निदान 1100 में प्राप्त होने वाली शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने, प्रमुख बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई तथा रहवासी क्षेत्र में प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने के निर्देश दिए! बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 के गाइडलाइन के अनुरूप चल रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए सड़क की सफाई , कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, रहवासी क्षेत्र व खुले क्षेत्र में कचरा एवं मलबे का उठाव, बाजार वाले क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक मुक्त शहर की ओर कदम बढ़ाते हुए कार्य करने कहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी